Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

हाईवे चैनल

वर्ष- 29 अंक- 39 रायपुर, सोमवार 2 मार्च 2026 पृष्ठ-8 मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

इजरायल के हमलों से दहला लेबनान एयरस्ट्राइक में 31 की मौत 149 घायल

नई दिल्ली, 2 मार्च (न्यूज चैनल)। ईरान, सीरिया व लेबनान एक साथ तीन मोर्चों पर जंग लड़ रही इजरायली सेना ने सोमवार तड़के घोषणा की कि लेबनान भर में हिजबुल्लाह के ठिकानों पर 'सटीक हमले' शुरू किए हैं। राजधानी बेरूत के दक्षिणी उपनगर, जो हिज़्बुल्लाह का गढ़ माने जाते हैं, वहां जोरदार धमाके सुने गए। लेबनान के स्वास्थ्य मंत्रालय के मुताबिक, शुरुआती आंकड़ों में 31 लोगों की मौत और 149 घायल हुए हैं। कई इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं और व्यापक दहशत फैल गई।इजरायली सेना की प्रवक्ता एला वावेया ने दक्षिण और पूर्वी लेबनान के लगभग 50 कस्बों और गांवों के निवासियों को तत्काल घर खाली कर कम से कम 1000 मीटर दूर खुले इलाकों में जाने की चेतावनी दी। एएफपी के पत्रकारों ने देखा कि लोग कारों में गद्दे और जरूरी सामान बांधकर भाग रहे थे। इसे बड़े पैमाने पर विस्थापन बताया गया है।

लोगों को तुरंत घर छोड़ने के आदेश

हिज़्बुल्लाह ने इजरायल पर रॉकेट और ड्रोन हमलों की जिम्मेदारी लेते हुए कहा कि यह कार्रवाई अली खामनेई की कथित हत्या के जवाब में की गई है, जो सप्ताहांत में अमेरिका-इजरायल के हमलों में मारे गए थे। संगठन ने कहा कि यह लेबनान और उसके लोगों की रक्षा के लिए भी जरूरी था। हालांकि इजरायल ने कहा कि दागे गए प्रोजेक्टाइल खुले क्षेत्रों में गिरे और कोई बड़ा नुकसान नहीं हुआ। लेबनान के प्रधानमंत्री नवाफ सलाम ने रॉकेट हमलों को गैर-जिम्मेदाराना करार दिया और कहा कि इससे देश की सुरक्षा खतरे में पड़ती है और इजरायल को हमले जारी रखने का बहाना मिलता है। राष्ट्रपति जोसेफ औन ने भी चेतावनी दी कि लेबनान को क्षेत्रीय संघर्ष का मैदान नहीं बनने देना चाहिए।

ट्रंप ने पाकिस्तान में वीज़ा सेवाएं की बंद!

पाकिस्तान में हालिया हिंसक घटनाओं के बाद अमेरिका ने अपनी राजनयिक मौजूदगी को लेकर एहतियाती रुख अपना लिया है। यूएस असेंबली इन इस्लामाबाद ने घोषणा की कि 2 मार्च को इस्लामाबाद स्थित दूतावास और कराची व लाहौर के वाणिज्य दूतावासों में सभी वीज़ा अपॉइंटमेंट और अमेरिकी नागरिक सेवाएं तत्काल प्रभाव से रद्द कर दी गई हैं। यह फैसला उस समय लिया गया जब कराची में उग्र भीड़ ने अमेरिकी कॉन्सुलेट के बाहर हिंसा की और सुरक्षा हालात तेजी से बिगड़ते नजर आए। बता दें कि ईरान के सर्वोच्च नेता खामनेई की कथित रूप से इजरायल-अमेरिका हमले में मौत के बाद पाकिस्तान में हालात बेकाबू हो गए। कराची में सैकड़ों प्रदर्शनकारियों ने अमेरिकी वाणिज्य दूतावास पर हमला बोल दिया। सोशल मीडिया पर सामने आए वीडियो में युवकों को मुख्य इमारत की खिड़कियां तोड़ते देखा गया, जबकि परिसर के ऊपर अमेरिकी झंडा लहराता दिखा। पुलिस ने पहले लाठीचार्ज और आंसू गैस का इस्तेमाल कर भीड़ को रोकने की कोशिश की, लेकिन बाद में हालात हिंसक हो गए। हिंसा में कम से कम 22 लोगों की मौत हुई है और 120 से अधिक घायल हैं। कई शवों पर गोली लगने के निशान पाए गए। कराची के सिविल अस्पतालों में मृतकों और घायलों को पहुंचाया गया।

होलिका दहन आज, शहर के विभिन्न इलाकों में तैयारी पूरी

4 तारीख को खेला जाएगा रंग गुलाल

रायपुर, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। होलिका दहन को लेकर आज तैयारियां पूरी के कर ली गई है आज होलिका दहन का कार्यक्रम होगा जिसके बाद 4 तारीख को रंग गुलाल खेला जाएगा शहर के विभिन्न स्थानों पर होलिका दहन को लेकर उत्साह का माहौल देखने को मिल रहा है।

होलीका दहन 2026 को लेकर भ्रम की स्थिति बनी हुई है. ज्योतिषाचार्यों के अनुसार, 2 मार्च यानी आज शाम 6:22 से रात 8:53 बजे तक होलिका दहन करना शुभ रहेगा क्योंकि उस समय प्रदोष काल रहेगा. 3 मार्च को चंद्र ग्रहण और सूतक काल होने के कारण होली का पर्व 4 मार्च को मनाया जाएगा। हिंदू धर्म में होली के पर्व का विशेष महत्व है। यह पर्व हर साल फाल्गुन महीने की पूर्णिमा तिथि को मनाया जाता है। होलिका दहन का महत्व भक्त प्रह्लाद की कथा पर आधारित है जो यह संदेश देता है कि कितना भी बड़ा अन्याय हो अंत में सत्य की ही जीत होती है। साथ ही यह रंगों का त्यौहार आपसी मनमुटाव भुलाकर भाईचारे समानता और एकता को बढ़ावा देता है, जहां पुराने गिले-शिकवे भूलकर लोग एक-दूसरे को गुलाल लगाते हैं। इस साल फाल्गुन पूर्णिमा तिथि दो दिन लग रही है। दहन से पहले होलिका का पूजा करने का विधआन है। इसमें रोली, चावल, गुड़, नारियल और हल्दी अर्पित की जाती है। महिलाएं परिक्रमा करती हैं और घर-परिवार की सुरक्षा की कामना करती हैं। इसके बाद अग्नि प्रज्वलित की जाती है।

ब्रेकिंग न्यूज

दुष्कर्म का आरोपी पकड़ाया, लेकिन महिला की नहीं हो पाई शिनाख्त

भिलाईनगर, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। कुम्हारी केवल्यधाम के पीछे परसदा खार स्थित खेत में अज्ञात महिला की हत्या के बहुचर्चित मामले का डेढ़ माह बाद पुलिस ने खुलासा किया है. लगातार पांच विशेष टीमें जांच में 1000 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ कर 100 घंटे से अधिक सीसीटीवी विश्लेषण एवं व्यापक तकनीकी जांच के बाद आरोपी तक पहुंची. आरोपी ने पूछताछ में महिला की गला दबाकर हत्या करना स्वीकार किया है.

ग्रामीण एएसपी मणिशंकर चंद्रा ने बताया कि 17 जनवरी को केवल्य धाम के पीछे परसदा खार स्थित खेत में एक . अज्ञात महिला का शव मिला था. सूचना मिलते ही कुम्हारी पुलिस ने मौके पर पहुंचकर पंचनामा कार्रवाई, साक्ष्य संकलन और पोस्टमार्टम कराया. पोस्टमार्टम रिपोर्ट में गला दबाकर हत्या की पुष्टि होने पर कुम्हारी पुलिस मामले में धारा 103 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना प्रारंभ की गई. मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने पांच विशेष जांच टीमें गठित की. टीमों ने कुम्हारी और आसपास के गांवों-मोहल्लों में महिला की पहचान के लिए फोटो दिखाकर अभियान चलाया. इस दौरान 1000 से अधिक व्यक्तियों से पूछताछ की गई. जांच के तकनीकी पहलू पर भी विशेष जोर दिया गया. घटनास्थल और आसपास के क्षेत्रों के 100 घंटे से अधिक सीसीटीवी फुटेज का विश्लेषण किया गया, जबकि संदिग्ध गतिविधियों के आधार पर लाखों कॉल डिटेल रिकॉर्ड (सीडीआर) का परीक्षण किया गया. जांच दल ने प्रतिदिन सुबह 5 बजे से देर रात तक फील्ड वेरिफिकेशन और पूछताछ की. इसके साथ ही जिला व अंतरजिला स्तर पर गुमशुदगी रिकॉर्ड का मिलान भी कराया गया. संकलित साक्ष्यों, तकनीकी विश्लेषण और पूछताछ के आधार पर पुलिस ने कुम्हारी निवासी महाराजा देवार उर्फ राजा देवार (22) को 28 फरवरी 2026 को गिरफ्तार किया. आरोपी रामनगर बजरंग चौक वार्ड क्रमांक 07 का निवासी है. पूछताछ में आरोपी महिला को बहला-फुसलाकर खेत में ले जाने, दुष्कर्म का प्रयास करने तथा विरोध करने पर गला दबाकर हत्या करने की बात स्वीकार किया है. पुलिस के अनुसार हत्या का कारण दुष्कर्म का प्रयास और विरोध था. मृतका की पहचान के प्रयास अभी भी जारी हैं.

चूहा- सुनती हो, केजरीवाल कह रहे हैं कि कोर्ट ने उनको 'कट्टर ईमानदार' हैं।

चुहिया- हां जी, अब कोर्ट में भी 'ईमानदारी' का प्रमाण पत्र मिलता है क्या?

पश्चिमी एशिया के हालत चिंताजनक बातचीत से निकले समाधान : मोदी

नई दिल्ली, 2 मार्च (न्यूज चैनल)। पश्चिमी एशिया में जारी तनाव के बीच प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने हालात को चिंताजनक बताते हुए शांति और संवाद का रास्ता अपनाने की अपील की है। प्रधानमंत्री ने स्पष्ट कहा कि मौजूदा संकट का समाधान केवल बातचीत और कूटनीतिक प्रयासों से ही संभव है।

प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि भारत हमेशा से शांति, स्थिरता और संवाद का समर्थक रहा है। उन्होंने दोहराया कि किसी भी तरह के सैन्य टकराव से क्षेत्रीय अस्थिरता बढ़ती है, जिसका असर वैश्विक स्तर पर भी पड़ सकता है। ऐसे में सभी पक्षों को संयम बरतते हुए बातचीत की मेज पर लौटना चाहिए। पीएम मोदी ने यह भी कहा कि विदेशों में रह रहे भारतीय नागरिकों की सुरक्षा भारत सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। सरकार स्थिति पर लगातार नजर बनाए हुए है और जरूरत पड़ने पर हर संभव कदम उठाएगी। उन्होंने भरोसा दिलाया कि भारत सभी संबंधित देशों के साथ संपर्क में है और शांति बहाली के लिए रचनात्मक भूमिका निभाने को तैयार है।

भारतीयों की सुरक्षा सर्वोच्च प्राथमिकता

हॉस्टल में 10वीं के छात्र ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

दंतेवाड़ा, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के दंतेवाड़ा जिले से एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। बालूद स्थित 'छू लो आसमान' बॉयज हॉस्टल में कक्षा 10वीं के एक छात्र ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली है। घटना की सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और मर्ग कायम कर जांच में जुट गई है। जानकारी के अनुसार, मृतक की पहचान रौशन तेलाम के रूप में हुई है। वह कुआकोंडा ब्लॉक के नेरली गांव का निवासी था। यह घटना आज सुबह लगभग 3 बजे की बताई जा रही है। जब साथी छात्र बाथरूम की ओर गए, तब उन्होंने रौशन को हॉस्टल की सीढ़ियों के ग्रिल से फंदे में लटका देखा। इसके बाद अधीक्षक को सूचना दी गई और उन्होंने तत्काल पुलिस तथा शिक्षा विभाग के अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

अंधेरे और सुनसान रास्तों पर लूट करने वाले 'छल्ला' गैंग का भंडाफोड़, 6 गिरफ्तार

कवर्धा, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। जिले के कुकदुर थाना क्षेत्र में सक्रिय लुटेरा गिरोह का पुलिस ने भंडाफोड़ कर दिया है। कार्रवाई के दौरान एक नाबालिग सहित कुल छह आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। आरोपियों के कब्जे से नगदी रकम, लूट में इस्तेमाल किए जाने वाले औजार और एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है। गिरोह ने अपने गैंग का नाम 'छल्ला' रखा हुआ था और सभी आरोपी कुकदुर थाना क्षेत्र के ही निवासी बताए जा रहे हैं।

पुलिस के अनुसार यह गिरोह पिछले कई महीनों से क्षेत्र में सक्रिय था। अंधेरे और सुनसान रास्तों पर राहगीरों तथा स्थानीय व्यापारियों को रोककर उनसे लूटपाट की जाती थी। विरोध करने पर आरोपियों द्वारा जान से मारने की धमकी दी जाती थी। कई मामलों में पीड़ितों के साथ मारपीट कर उनके हाथ-पैर तक तोड़ दिए गए। लगातार मिल रही शिकायतों के बाद पुलिस ने आरोपियों की गतिविधियों पर नजर रखी और सटीक सूचना के आधार पर दबिश देकर सभी को गिरफ्तार कर लिया।

पिकनिक गए 7 दोस्तों ने पहले की पार्टी, फिर तालाब में नहाने के दौरान डूबने से 2 युवकों की मौत

बिलासपुर, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। सरकंडा थाना क्षेत्र के खमतराई स्थित अमहा तालाब में शराब पीकर नहाने के लिए उतरे दो युवक डूब गए। युवकों ने शोर मचाकर आसपास के लोगों को इसकी जानकारी दी और पुलिस को सूचना दी। पुलिस की मौजूदगी में स्थानीय लोगों की मदद से दोनों युवकों के शव निकाल लिए गए और पोस्टमार्टम के लिए चीरघर भेजा गया।

सरकंडा थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने बताया कि रविवार की शाम बंधवापारा निवासी हिमांशु चंहादे (21) और देवरी खुर्द निवासी शिवम मानिकपुरी (21) अपने पांच अन्य दोस्तों के साथ खमतराई स्थित अमहा तालाब के पास घूमने गए थे। वहां युवकों ने शराब पी। शराब पीने के दौरान एक युवक बाइक पर बैठकर तालाब का चक्कर लगा रहा था, लेकिन बाइक अनियंत्रित होने से वह तालाब में गिर गया। वह किसी तरह बाहर निकल गया। इसके बाद युवकों ने फिर से शराब पी और तालाब में नहाने लगे। इस दौरान तीन युवक पानी में गिर गए, जिनमें से एक को साथी बाहर निकालने में सफल रहे, जबकि हिमांशु और शिवम गहरे पानी में चले गए। हादसे की सूचना मिलने पर तहसीलदार प्रकृति ध्रुव मौके पर पहुंचीं और रेस्क्यू कार्य शुरू करवाया। शव निकालने के बाद आवश्यक कार्रवाई कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

पेपर लीक कराया तो जेल,1 करोड़ तक जुर्माना

रायपुर, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग और व्यावसायिक परीक्षा मंडल में पेपर लीक और नकल रोकने के लिए राज्य सरकार इसी बजट सत्र में 'छत्तीसगढ़ लोक परीक्षा अधिनियम' लाने जा रही है।

बता दें कि बीते कुछ वर्षों में प्रदेश की कई बड़ी भर्ती परीक्षाएं विवादों में रही हैं। छत्तीसगढ़ लोक सेवा आयोग की राज्य सेवा परीक्षा 2022 पेपर लीक मामले की जांच सीबीआई कर रही है। इसी तरह वर्ष 2025 में व्यावसायिक परीक्षा मंडल की पीडब्ल्यूडी भर्ती परीक्षा के दौरान बिलासपुर के एक केंद्र में हाईटेक नकल का मामला सामने आया था। ऐसे में सरकार का यह कदम नकल, पेपर लीक और परीक्षा में धांधली जैसी घटनाओं पर प्रभावी रोक अधिनियम पेश करने की तैयारी कर रही है। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने विधानसभा में इसी हफ्ते कहा था कि भर्ती प्रक्रिया में गड़बड़ी को रोकने के लिए हम छत्तीसगढ़ लोक परीक्षा अधिनियम लाने जा रहे हैं।

पीएससी-व्यापमं भर्ती परीक्षा में नकल रोकने विधानसभा सत्र में अधिनियम पेश करने की तैयारी

शैक्षणिक, तकनीकी, व्यावसायिक अथवा अन्य प्रकार की योग्यता प्राप्त करने के लिए आयोजित परीक्षाओं पर यह नया अधिनियम लागू नहीं होगा। इन परीक्षाओं में नकल या अनुचित साधनों के मामलों में छत्तीसगढ़ लोक परीक्षा (अनुचित साधन रोकथाम अधिनियम, 2008) के प्रावधानों के तहत ही कार्रवाई की जाएगी। परीक्षार्थियों के अलावा परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े अन्य व्यक्तियों, एजेंसियों और संस्थानों के लिए भी सख्त दंड तय किया गया है। छत्तीसगढ़ लोक परीक्षा अधिनियम के तहत परीक्षा से संबंधित सेवा प्रदाता संस्थान, कंपनी, फर्म, संस्थान के द्वारा अपराध किया जाता है तो कड़ी कार्रवाई होगी। संगठित नकल गिरोहों के लिए न्यूनतम 5 वर्ष से लेकर 10 वर्ष तक की सजा और एक करोड़ रुपए तक जुर्माने का प्रावधान किया गया है। बार-बार अपराध करने पर उम्रकैद तक सजा दी जा सकेगी।

भर्ती परीक्षाओं में नकल करने वाले परीक्षार्थियों का रिजल्ट रोका जाएगा। 3 से 5 वर्ष तक वे राज्य की किसी भी भर्ती परीक्षा में शामिल नहीं हो पाएंगे। गंभीर मामलों में 1 से 5 वर्ष की जेल और 5 लाख रुपए तक जुर्माने का प्रावधान है। दोबारा दोषी पाए जाने पर सजा 10 वर्ष तक बढ़ सकती है। कोई भी कोचिंग संस्थान किसी लोक परीक्षा में सफलता की गारंटी देकर युवाओं को प्रवेश के लिए प्रलोभन नहीं दे सकेगा। चयन या सफलता से जुड़ी कोई भी झूठी, भ्रामक या भड़काऊ जानकारी प्रकाशित करना प्रतिबंधित होगा। ऐसे मामलों में संबंधित कोचिंग संस्थान के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई किए जाने का प्रावधान किया जा रहा है।

इन कृत्यों को माना गया है अपराध- नकल करना या किसी अन्य से नकल करवाना। प्रश्नपत्र लीक करना, प्राप्त करना या लीक की साजिश रचना। परीक्षा कक्ष में शरीर, वस्त्र, फर्नीचर या अन्य किसी वस्तु पर जानबूझकर कोई चिंह, संकेत, शब्द या छाप अंकित करना। ओएमआर शीट, उत्तर पुस्तिका या मूल्यांकन अभिलेखों में छेड़छाड़ करना। फर्जी वेबसाइट बनाना, फर्जी परीक्षा आयोजित करना या नकली प्रवेश/नियुक्ति पत्र जारी करना। परीक्षा प्रक्रिया से जुड़े कंप्यूटर सिस्टम, नेटवर्क या तकनीकी व्यवस्था में अवैध हस्तक्षेप करना। मेरिट, रैंक निर्धारण के लिए दस्तावेजों से छेड़छाड़ करना। परीक्षा के पूर्व नकली को असली पेपर बताकर आ र्थिक लाभ के लिए प्रसारित करना। परीक्षा तिथियों या पालियों के आवंटन में गड़बड़ी करना।

एक साल पहले लिए थे फेरे, अब पेड़ पर लटकी मिली पति-पत्नी की लाश

बिलासपुर, 2 मार्च (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ की न्यायधानी बिलासपुर से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां एक नवविवाहित जोड़े ने आत्मघाती कदम उठाते हुए अपनी जीवन लीला समाप्त कर ली। सरकंडा थाना क्षेत्र के राधिका विहार कॉलोनी के पास पति-पत्नी के शव पेड़ से लटके हुए पाए गए। इस घटना के बाद पूरे क्षेत्र में मातम पसरा हुआ है।

जानकारी के अनुसार, मृतक जोड़ा चाटीडीह इलाके का रहने वाला था। बताया जा रहा है कि उनकी शादी को अभी महज एक साल ही हुआ था। शनिवार को स्थानीय लोगों ने राधिका विहार कॉलोनी के पास एक पेड़ पर दोनों के शवों को फंदे से लटका देखा, जिसकी सूचना तुरंत पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही सरकंडा पुलिस की टीम मौके पर पहुंची और शवों को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। पुलिस के अनुसार शुरुआती जांच में पुलिस को अंदेशा है कि पति-पत्नी के बीच किसी बात को लेकर घरेलू विवाद हुआ होगा, जिसके बाद उन्होंने यह खौफनाक कदम उठाया। पुलिस ने मृतकों के परिजनों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है। पुलिस मामले की हर एंगल से जांच कर रही है और पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्थिति और स्पष्ट हो पाएगी।